प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में ज्ञान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। श्री मोदी ने बिहार के राजगीर में आज नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित परिसर का उद्घाटन करने के बाद सुषमा स्वराज सभागार में छात्रों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अपनी शिक्षा और ज्ञान प्रणाली को मजबूत कर महाशक्ति का स्थान हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के सामने हमारी पहचान और परंपराओं का एक बड़ा उदाहरण है।

***************

राज्य के सरकारी और गैर सरकारी सहित सभी स्कूलों में केजी से बारहवी तक की कक्षाएं अब सुबह सात बजे से दिन के साढ़े ग्यारह बजे तक संचालित की जायेंगी। इस संबध में आज स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि राज्य में गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए यह आदेश दिया गया है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी।

***************

झारखंड हाई कोर्ट में आज रांची में जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैमों की साफ सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने पेयजल स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव और नगर आयुक्त को कल अदालत में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग में शामिल रहने वाले रांची नगर निगम के प्रतिनिधि के रूप में शामिल तीन अभियंताओं को भी कोर्ट में उपस्थित होने का निर्देश दिया है।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई की आठ दशमलव आठ छह एकड़ जमीन घोटाला मामले के आरोपित मोहम्मद इरशाद ने आज पीएमएलए कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। इरशाद की ओर से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की गई है। इस याचिका पर अदालत में पांच जुलाई को सुनवाई होगी।

***************

रांची जिले में कई ऐसे लोग हैं जो योग को कैरियर के रूप मे अपनाकर अच्छी आमदनी कर रहे हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। पलामू जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू के रांची स्थित बुढ़मू सहित दो ठिकानों के अलावा हजारीबाग के गिद्दी में भी दबिश दी है। बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव में एनआईए की टीम ने उसके घर में कागजात खंगाले। जेल से गैंग को ऑपरेट करने वाले गैंगस्टर अमन साहू पर कई गंभीर आरोप हैं।

***************

एनआईए की टीम ने गिरिडीह में मजदूर संगठन समिति मधुवन से जुड़े छह लोगो के आवास पर भी आज छापेमारी की। इस संगठन के लोगो पर नक्सलियों के साथ संबंध होने का आरोप लगता रहा है। जानकारी के मुताबिक एनआईए की टीम सुबह छह बजे से साढ़े दस बजे तक कई लोगों के घर गई और पूछताछ की। इस दौरान कुछ लोगों के फोन भी जब्त किये गये हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम अभी भी मधुवन में है।

***************

राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला एवं वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की ओर से जमशेदपुर में विद्यार्थियों के लिए मेटालर्जी और मटेरियल इंजीनियरिंग से संबंधित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था– बिहाइंड द टीचर डेस्क। इस अवसर पर दुर्गापुर, सीएमइआरआई के निदेशक डॉक्टर नरेश चंद्र मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में रिसर्च जनरल का भी लोकार्पण किया गया। मौके पर राष्ट्रीय धातु कर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर के निदेशक संदीप घोष चौधरी ने बताया कि इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को मेटलर्जी के बारे में नए शोध और नई तकनीकी की

जानकारी देने के लिए यह आयोजन किया गया है। बीटीटीडी के अध्यक्ष डॉक्टर चिरौ दीप घोष समेत अन्य वैज्ञानिकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

*********समाप्त*********